CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 160 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार ,02 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## सुप्रीम कोर्ट ने शांति धारीवाल की SLP खारिज की, गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक

**हाईकोर्ट के आदेश में दखल से इंकार, 4 दिसंबर को एसीबी कोर्ट में अहम सुनवाई**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।** एकल पट्टा प्रकरण में पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल को सोमवार को बड़ा झटका लगा, जब सुप्रीम कोर्ट ने उनकी विशेष अनुमति याचिका (SLP) खारिज कर दी। अदालत ने साफ कहा कि हाईकोर्ट द्वारा 1 नवंबर को दिया गया आदेश सही है और उसमें हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। हालांकि राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसीबी कोर्ट में लंबित प्रोटेस्ट पिटीशन के निपटारे तक धारीवाल की गिरफ्तारी पर रोक जारी रखी है।



मामला तब शुरू हुआ था जब 2011 में जेडीए ने गणपति कंस्ट्रक्शन के शैलेंद्र गर्ग को एकल पट्टा जारी किया, जिसकी शिकायत 2013 में एसीबी में दर्ज कराई गई। जांच के दौरान तत्कालीन एसीएस जीएस संधु, निष्काम दिवाकर, ओंकारमल सैनी और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई। विवाद बढ़ने पर जेडीए ने 2013 में पट्टा निरस्त कर दिया। इसके बाद 2014 में वसुंधरा सरकार के समय एसीबी ने मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया।

प्रदेश में सरकार बदलने के बाद गहलोत सरकार में एसीबी ने धारीवाल और अन्य अधिकारियों को क्लीन चिट दे दी और तीन क्लोजर रिपोर्ट पेश कीं। इन्हीं क्लोजर रिपोर्टों के खिलाफ परिवादी ने एसीबी कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल कर रखी है। हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को धारीवाल के खिलाफ अग्रिम जांच की अनुमति दी थी और प्रोटेस्ट पिटीशन पर सुनवाई शुरू करने का रास्ता साफ किया था। इसी आदेश को धारीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

धारीवाल की ओर से तर्क दिया गया कि जांच अधिकारी क्लीन चिट दे चुके हैं, ऐसे में अब पुनः जांच और केस आगे बढ़ाना गलत है। सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया। अब ट्रायल कोर्ट में 4 दिसंबर को महत्वपूर्ण सुनवाई होगी, जिसमें यह तय होगा कि एसीबी को क्लोजर रिपोर्ट वापस लेने की अनुमति मिलेगी या नहीं। अनुमति मिलने पर राज्य सरकार नए सिरे से जांच शुरू कर सकती है, जबकि प्रोटेस्ट पिटीशन पर भी ट्रायल कोर्ट में सुनवाई आगे बढ़ेगी।

फिलहाल गिरफ्तारी पर रोक के बावजूद यह फैसला धारीवाल के लिए कानूनी मोर्चे पर एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

## सतीश पूनिया बोले मंत्रिमंडल फेरबदल प्रक्रिया का हिस्सा

**सोशल मीडिया की चर्चाओं पर जताई आपत्ति**

**भीलवाड़ा फोकस @ अलवर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल परिवर्तन को लेकर चल रही राजनीतिक चर्चाओं के बीच भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि 'दूल्हा ( सीएम ) तय होने के बाद इतनी जल्दी बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि पाँच साल की अवधि पूरी होने के बाद ही सरकार का वास्तविक आकलन किया जाएगा। पूनिया सोमवार को अलवर में एक अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे, जहाँ उन्होंने बातचीत में इन राजनीतिक अटकलों पर खुलकर जवाब दिए।



**चर्चाएँ रोकना मुश्किल, लेकिन बीजेपी अवसर देने वाली पार्टी**

सीएम बदलने और मंत्रिमंडल फेरबदल की चर्चाओं पर पूनिया ने कहा कि राजनीतिक माहौल में तरह-तरह की बातें होना स्वाभाविक है, लेकिन बीजेपी का चरित्र है कि वह व्यक्तियों को अवसर देती है। किसी का मूल्यांकन पाँच साल के बाद ही होता है। उन्होंने यह भी माना कि चर्चाएँ चौपाल-चौराहों से लेकर सोशल मीडिया तक चलती रहती हैं, लेकिन इससे वास्तविक निर्णय नहीं बदलते।

**कद-पद की चर्चा हमेशा रहती है, कार्यकर्ता का भाव स्थायी होता है**

जब उनसे पूछा गया कि राजस्थान में उनका कद बढ़ने की चर्चा क्यों चल रही है, तो पूनिया ने कहा कि उन्होंने एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया। कद और पद की चर्चा तो हमेशा रहती है, लेकिन कार्यकर्ता का भाव ही स्थायी है।

**सोशल मीडिया की गॉसिप को खबर बना देती है मीडिया**

मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों पर उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में राजनीतिक गॉसिप भी खबरों का रूप ले लेती है। जब तक पार्टी की ओर से आधिकारिक घोषणा नहीं होती, यह सब काल्पनिक सवाल हैं। थोड़ा इंतजार करना चाहिए।

**कांग्रेस अपनी ही नीतियों का शिकार, नई पीढ़ी के मुद्दे समझ नहीं पाई**

हरियाणा और बिहार में कांग्रेस की हार पर पूनिया ने कहा कि कांग्रेस को अपनी नीति, व्यवहार और नेतृत्व में जनता का भरोसा खोना पड़ा है। कांग्रेस उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपना चाल-चरित्र-चेहरा नहीं बदला। नई पीढ़ी के मुद्दों को नहीं समझा। इसलिए आज उसका रिवाइवल सवालों में है। उन्होंने राहुल गांधी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को कोसों दूर बताया।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुरू हुई कार्यकर्ता सुनवाई

**मुख्यमंत्री की पहल पर अब सप्ताह में तीन दिन मंत्री सुनेंगे शिकायतें**





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई व्यवस्था शुरू हो गई है, जिसके तहत अब हर सोमवार, मंगलवार और बुधवार को दो मंत्री कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। पंजीकरण के बाद प्राप्त परिवाद संबंधित मंत्री को भेजे जाएंगे और अनुशंसा के आधार पर नियमित और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

सोमवार को आयोजित पहली सुनवाई में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच उपस्थित रहे।

इस दौरान डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केंद्रित पार्टी है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए इस व्यवस्था की शुरुआत कर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। बैरवा ने बताया कि कार्यकर्ता गांव, ढाणी और शहरों में जनता के बीच रहकर समस्याओं को समझते हैं और अब वे सीधे पार्टी कार्यालय में आकर समाधान प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पहले ही दिन 30 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर तत्काल किया गया। अन्य शिकायतों को विभागों को पत्र भेजकर आगे की प्रक्रिया में भेजा गया है।कार्यकर्ताओं द्वारा लाई गई जनसमस्याओं का त्वरित और नियमसम्मत समाधान कराया जाएगा, जिससे सीधा लाभ आमजन को मिलेगा।

## दुष्कर्म व धोखाधड़ी के मामलों में 6 साल से फरार इनामी अपराधी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।** कोतवाली थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में 6 साल से फरार चल रहे और विभिन्न थानों में वांछित 10 हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी चंदेरिया थाना, चित्तौड़गढ़ में 15 साल तथा सुभाषनगर थाना, भीलवाड़ा में 5 साल से धोखाधड़ी के प्रकरणों में भी फरार था।



पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी नरेश पिता गणपत ओझा, निवासी गांधीनगर, चित्तौड़गढ़, फरारी के दौरान नवाबगंज, बरेली उत्तर प्रदेश में अपनी महिला मित्र के साथ नाम बदलकर राजेश शर्मा के रूप में रह रहा था। पुलिस टीम ने नवाबगंज पहुंचकर उसे दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी को भीलवाड़ा लाकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

## ट्रैक्टर से कुचलकर की गई हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** सदर थाना पुलिस ने सुवाणा हलेड़ रोड पर मिले शव के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए ट्रैक्टर से टक्कर मारकर हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या को हादसा दिखाने की सोची-समझी साजिश आरोपी ने पुराने विवाद और अवैध संबंधों के चलते रची थी।



पुलिस ने बताया की बीती 29 नवंबर की सुबह करीब 8:30 बजे प्रियदर्शिनी नगर के पास खाली जमीन में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर पंहुच पास ही खड़ी स्कूटी की नंबर प्लेट से मृतक की पहचान महेन्द्र सिंह पंवार, निवासी तिलक नगर, के रूप में की।

परिजन मौके पर पहुंचे और हत्या की आशंका जताई। एफएसएल व एमओबी टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर स्पष्ट हुआ कि महेंद्र सिंह को किसी वाहन से टक्कर मारकर जानबूझकर कुचला गया। पुलिस ने हत्या का खुलासा करने हेतु टीम गठित की और आसपास के सीसीटीवी , मृतक की गतिविधियाँ, रिश्ते और लेन-देन जैसे पहलुओं पर जांच की। करीब 20 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई।संदेह के दायरे में आए रमेश्वरलाल जाट (44), निवासी लक्ष्मीपुरा को हिरासत में लेकर जब मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई तो उसने हत्या करना कबूल कर लिया।जांच में सामने आया कि मृतक महेंद्र सिंह और आरोपी रमेश्वरलाल पिछले 7-8 वर्षों से डेयरी व्यवसाय में पार्टनर थे। इसी दौरान महेंद्र का आरोपी की पत्नी से अवैध संबंध विकसित हो गए थे। रमेश्वरलाल ने कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन महेंद्र ने न केवल संबंध तोड़ने से इनकार किया बल्कि बदनाम करने और आरोपी के बेटे को नुकसान पहुंचाने की धमकी भी दी।

इसके बाद आरोपी ने महेंद्र की सुबह की वॉक के दौरान ट्रैक्टर से टक्कर मारकर हत्या करने की योजना बनाई।

29 नवंबर की सुबह करीब 4 बजे, आरोपी ट्रैक्टर लेकर सुनसान इलाके में घात लगाकर बैठ गया। महेंद्र के पहुँचते ही उसने पहले टक्कर मारी, और जब महेंद्र खेतों की ओर भागे तो पीछे से फिर ट्रैक्टर चढ़ाकर कुचल दिया। हत्या के बाद आरोपी ट्रैक्टर लेकर घर लौट गया ताकि किसी को उस पर शक न हो। पुलिस ने फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर अग्रिम अनुसंधान शुरू किया है। ।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com



# नाबालिग से दुष्कर्म मामला : आरोपी को 20 साल का कठोर कारावास

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पोक्सो न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए बड़लियास निवासी कमलेश पुत्र सत्यनारायण ढोली को 20 साल के कठोर कारावास और 55 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला विशिष्ट न्यायाधीश (पोक्सो-2) अर्चना मिश्रा ने सुनाया।

विशिष्ट लोक अभियोजक अनिलकुमार शुक्ला के अनुसार, पीड़िता ने 28 अप्रैल 2022 को हुई घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुबह जब बड़ी बहन चाय बनाने बाहर गई, तभी खुला दरवाजा देखकर कमलेश घर में घुसा और कमरे का दरवाजा बंद कर नाबालिग से जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की चीख सुनकर बहन और भाई मौके पर पहुंच गए और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रेप व पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में चार्जशीट प्रस्तुत की। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने 18 गवाह और 21 दस्तावेज पेश किए। सबूतों के आधार पर अदालत ने कमलेश को दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई।

# कीटनाशक दवा को पानी समझकर पीने से युवक की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

तख्तपुरा गांव में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, जहां पानी समझकर कीटनाशक दवा पी लेने से एक युवक की मौत हो गई। उपचार के दौरान जिला अस्पताल में उसने आखिरी सांस ली। तख्तपुरा निवासी सीता गुर्जर द्वारा पारोली पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, उसका 23 वर्षीय बेटा ईश्वर पुत्र नारायण गुर्जर 30 नवंबर की शाम करीब चार बजे गलती से कीटनाशक दवा पी गया। दवा के सेवन के तुरंत बाद उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजन उसे पहले शाहपुरा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद ईश्वर को बचाया नहीं जा सका और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई है।

# आसीन्द पुलिस ने किसानों के ट्यूबवेल व कुओं पर हुई 17 चोरी की वारदातों का किया खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ आसीन्द ।

किसानों के ट्यूबवेल और कुओं पर लगाई गई मोटर व केबिल की लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का थाना पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 17 वारदातों का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से दो विद्युत मोटर, 250 फीट केबिल, 33 किलो जला हुआ तांबे का तार तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी हंसपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 21 नवम्बर को मारवों का खेडा निवासी नारायण गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 नवम्बर की रात उसके ट्यूबवेल से 3 ॥क्क मोटर, केबिल, पाइप व रस्सा चोरी कर लिया गया। इसके बाद आसपास के खेतों में भी इसी प्रकार की चोरी की घटनाएं सामने आती रहीं। 20 नवम्बर की रात ग्रामीणों ने विक्रम भील को केबिल जलाते हुए देखा, जिससे संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे डिटेन कर पूछताछ शुरू की। पूछताछ में विक्रम ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र में चोरी की वारदातें करता रहा है।

विक्रम की निशानदेही पर पुलिस ने उसके साथी शबरात मोहम्मद, छोटू भील, को गिरफ्तार किया।

चोरी का माल खरीदने वाले सुनिल खटीक को भी डिटेन कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने चोरी का सामान खरीदना स्वीकार किया। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों से 2 विद्युत मोटर, 250 फीट केबिल,33 किलो जला हुआ तांबा ,अन्य दो क्षतिग्रस्त मोटर एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की। आरोपियों ने अब तक 17 चोरी के मामलों को स्वीकार किया है। अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश जारी है।

# फैक्ट्री में मजदूर की मौत, मोर्चरी के बाहर मुआवजे की मांग पर अड़े परिजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



रीको स्वरूपगंज स्थित एक फैक्ट्री में रविवार देर रात हुए हादसे में मजदूर दिनेश (32) पुत्र नंदालाल सैन की मौत के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। सोमवार सुबह जिला अस्पताल मोर्चरी पहुंचे परिजनों ने उचित मुआवजे की घोषणा नहीं होने तक पोस्टमार्टम नहीं करवाने और शव नहीं लेने की बात कही है। प्रशासन और फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से परिजनों को समझाइश का प्रयास जारी है, लेकिन देर रात तक किसी सहमति पर बात नहीं बन पाई है।

पुलिस के अनुसार मृतक शक्करगढ़ क्षेत्र के रुपपुरा गांव का निवासी था और श्रीएल श्याम एग्रो फैक्ट्री में ठेकेदार के अधीन काम करता था। फैक्ट्री स्टाफ के मुताबिक, दिनेश देर रात छत से नीचे उतरते समय सीढ़ियों से फिसल गया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने हादसे के कारण में विरोधाभास का आरोप लगाया है। मृतक के मामा बनवारी सैन ने बताया कि उन्हें कहा गया कि दिनेश छत से गिरा, जबकि पुलिस को बताया गया कि वह सीढ़ियों से गिरा। इस विरोधाभास पर परिजनों ने संदेह जताया है।

मृतक दिनेश अपने पीछे तीन साल के बच्चे, बुजुर्ग माता-पिता और पूरे परिवार को छोड़ गया, जिसकी आजीविका अब संकट में है। परिजनों का कहना है कि जब तक उचित आर्थिक सहायता तय नहीं की जाती, तब तक विरोध जारी रहेगा । फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन तनाव बरकरार है और मुआवजे को लेकर बातचीत जारी है।

# ट्रक को खुर्द-बुर्द करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, अवैध तस्करी का नेटवर्क बेनकाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



प्रतापनगर थाना पुलिस ने ट्रक को खुर्द-बुर्द करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी गिरोह डिफॉल्टर वाहनों को किराए पर लेकर अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी में उपयोग करता था।

यह कार्रवाई थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की बीती 25 जुलाई को जाटों का खेड़ा, आजादनगर निवासी बद्रीलाल वैष्णव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके नाम दर्ज अशोक लीलैंड ट्रक को आरोपियों ने एक गिरोह बनाकर साजिशपूर्वक किरायानामा तैयार कर किराए पर लिया, लेकिन किराया मांगने पर धमकी दी कि वे वाहन को खुर्द-बुर्द कर देंगे।

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों सम्पत सिंह, बालू सिंह, सरफराज उर्फ शेरू, फरजन और गोवर्धन ने ट्रक और दस्तावेज षड्यंत्रपूर्वक लेकर धोखाधड़ी की और वाहन को अमानत में लेकर खुर्द-बुर्द कर दिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

पुलिस ने लगातार मुखबिरी व तकनीकी इनपुट जुटाए और कार्रवाई करते हुए मो. सरफराज उर्फ शेरू (41), निवासी गुलजार नगर , गोवर्धन (50), निवासी गायत्रीनगर, मालोला रोड को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपी सम्पत सिंह, बालू सिंह और फरजन की तलाश जारी है।

# कांग्रेस अजा विभाग में रायला के डॉ. आर.सी. सामरिया को बड़ी जिम्मेदारी

## प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्ति पर रायला में आतिशबाजी, माला पहनाकर स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी**



शाहपुरा बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व सीएमएचओ डॉ. आर.सी. सामरिया को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जैसे ही यह जानकारी रायला पहुंची, पूरे क्षेत्र में उत्साह की लहर दौड़ गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने डॉ. सामरिया का माला पहनाकर, साफा बंधवाकर तथा आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया।

अजा विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम द्वारा जारी सूची के मुताबिक डॉ. सामरिया को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की खबर मिलते ही समर्थकों ने रायला में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और इसे रायला क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया।

**नेतृत्व में मजबूती और चुनावी तैयारी का संदेश-**

नियुक्ति के बाद डॉ. आर.सी. सामरिया ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ममता भूपेश के नेतृत्व में वे अनुसूचित जाति वर्ग को कांग्रेस के पक्ष में लामबंद करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत एवं निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी के समर्थन में माहौल बनाते हुए पार्टी को मजबूत विजय दिलाना ही उनका प्रमुख लक्ष्य रहेगा।

**रायला में नेताओं की मौजूदगी ने बढ़ाया उत्साह-**

डॉ. सामरिया के अभिनंदन कार्यक्रम में रायला सरपंच प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद जाट, सीआर प्रत्याशी साक्षी सुरेश गुर्जर, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रामजस जाट, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार जाट, पूर्व सरपंच राकेश कोगटा, तरुण टॉक सेटू खटीक, राधेश्याम कोगटा, महावीर प्रसाद गग्गड, विनोद लढ़ा, भूपेंद्र चैधरी, महबूब खान, इस्लाम खान, शिवराज माली सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# रामधाम में गीता जयंती उत्सव भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया, संतों की दिव्य वाणी से गूंजा परिसर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





मोक्षदा एकादशी के पावन पर्व पर सोमवार को श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट द्वारा रामधाम में गीता जयंती उत्सव बड़े ही भक्तिभाव और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही भक्तों का आगमन शुरू हो गया था और पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत गीता मनीषी प्रो. महावीर भट्ट द्वारा अखंड गीता पाठ से हुई, जिसके बाद महाआरती संपन्न हुई और संतों के प्रवचन का शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता स्वामी अनंतदेव महाराज ने श्रीमद्भगवद्गीता के सार को सरल और प्रभावी शब्दों में समझाते हुए कहा कि 'गीता हर युग, हर परिस्थिति और हर व्यक्ति के लिए जीवन की अंतिम मार्गदर्शिका है। इसके उपदेश केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए हैं।' उन्होंने बताया कि गीता मनुष्य को निःस्वार्थ कर्म, फल की चिंता से मुक्ति और जीवन के उद्देश्य को समझने की प्रेरणा देती है।

इसके बाद स्वामी मित्यानंद महाराज ने कर्मयोग का महत्व बताते हुए कहा कि ईमानदार व्यवहार और निःस्वार्थ कर्म ही जीवन को साधते हैं। संत लक्ष्मनानंद गिरी महाराज ने भक्ति और समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि अहंकार त्यागकर ईश्वर को समर्पित होना ही सच्ची भक्ति है।

संत जसवीत सिंह महाराज ने धर्म और साहस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान सदैव धर्म के लिए संघर्ष करने वालों का साथ देते हैं, जैसे उन्होंने कुरुक्षेत्र में अर्जुन का साथ दिया था।

पर्व के अवसर पर रामधाम में महादेव का दूध अभिषेक भी किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने संतों की वाणी का रसपान किया और गीता के अमर संदेश को आत्मसात किया।

ट्रस्ट के प्रवक्ता गोविन्द प्रसाद सोडानी ने बताया कि रामधाम में गीता पाठ नियमित रूप से जारी रहेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी 28 फरवरी को वृंदावन में स्वामी वामदेव महाराज की जन्म शताब्दी आनंद महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी, जिसमें स्वामी अनंतदेव महाराज के सान्निध्य में 300 संतों का विशाल समागम होगा। कार्यक्रम में दामोदर अग्रवाल, जगदीश भदाड़ा, कन्हैयालाल मुंदड़ा, शांतिलाल पोरवाल, वीणा मानसिंहका सहित अनेक भक्तों और सहयोगकर्ताओं की उपस्थिति रही। ट्रस्ट अध्यक्ष सूर्यप्रकाश मानसिंहका और सचिव अभिषेक अग्रवाल ने सभी संतों और भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।



QUICK BITES

## 115 विद्यार्थियों को जर्सी वितरण, बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाग की झोपड़ियां में भामाशाह द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत 115 विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव हेतु जर्सी का वितरण किया गया। जर्सी पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस कार्य के लिए विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने भामाशाहों के प्रति आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में पीओ सोजीराम मीणा, उपप्रधानाचार्य रामराज नागर, एसएमसी अध्यक्ष फूल सिंह मीणा, उपाध्यक्ष खान सिंह मीणा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामदयाल यादव सहित समस्त स्टाफ सदस्य कई प्रबुद्ध एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन विक्रम सुथार द्वारा किया गया।

## बरोदा सहकारी समिति में खाद का गहरा संकट, किसानों ने किया प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



क्षेत्र की सहकारी समिति बरोदा में इन दिनों किसानों को गंभीर खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। समिति से जुड़े लगभग 780 किसानों पर करीब 2 करोड़ 40 लाख रुपये का कृषि ऋण बकाया है, इसके बावजूद रबी सीजन शुरू होने के बाद भी समिति में खाद की एक भी खेप नहीं पहुंची है। इससे बुवाई और फसलों की बढ़वार पर सीधा असर पड़ने लगा है। खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने सोमवार को समिति कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और व्यवस्थापक को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र खाद उपलब्ध कराने की मांग की। प्रदर्शन में लालाराम गुर्जर, भेरू जोशी, धनराज सुवालका, रामराज गुर्जर, गंगाराम गुर्जर सहित कई किसान मौजूद रहे।

किसानों ने आरोप लगाया कि समिति के अध्यक्ष, जो भाजपा मंडल अध्यक्ष भी हैं, के बावजूद खाद की आपूर्ति अब तक शुरू नहीं हुई है। किसानों का कहना है कि वे समय पर ऋण की किस्तें जमा कर रहे हैं, लेकिन खाद उपलब्ध न होने से वे परेशान हैं। कई किसानों ने बताया कि वे पिछले कई दिनों में समिति के कई चक्कर लगा चुके हैं, पर हर बार केवल 'आज-कल में खाद आने' का आश्वासन देकर उन्हें लौटा दिया जाता है।

किसानों ने यह भी बताया कि आसपास की अन्य समितियों में खाद उपलब्ध है, जबकि बरोदा समिति में अभी तक कोई खेप नहीं पहुंची है। इससे क्षेत्र के किसानों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द खाद की आपूर्ति नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की
जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
• समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
• निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
• डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सावन कुमार जांगिड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया एवं जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी हरलाल मीणा उपस्थित रहे।



पहले सत्र में डॉ. प्रदीप कटारिया ने जिले में जिला एड्स नियंत्रण इकाई द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को टीबी के लक्षण, एचआईवी-क्षय रोग से जुड़ी भ्रांतियों, तथा एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के लिए एआरटी दवाओं की उपलब्धता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी हरलाल मीणा ने बताया कि एचआईवी-एड्स से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर 1097 पर भी उपलब्ध है। मुस्कान लुधानी ने एचआईवी विषय पर पीपीटी प्रस्तुति देकर एड्स बचाव के उपाय समझाए तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

द्वितीय सत्र में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति पर व्याख्यान आयोजित हुआ।

जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी हरलाल मीणा ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, समाज और भविष्य–चारों को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने छात्राओं से नशे से दूर रहने व दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

प्राचार्य प्रो. जांगिड़ ने कहा कि आज भी एचआईवी के बारे में जागरूकता की कमी और सामाजिक भ्रांतियां एक बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज में भी यह संदेश फैलाएं, ताकि एड्स से जुड़े भेदभाव को समाप्त किया जा सके। उन्होंने नशा मुक्ति, स्वास्थ्य सुरक्षा, और शिक्षित युवा शक्ति की महत्ता पर भी बल दिया।

शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रीना सालोंदिया एवं गौरव कारवाल का प्रमुख योगदान रहा।

कार्यक्रम में प्रो. प्रतिभा राव, इंदुबाला पटवारी, डॉ. सीमा गौड़, डॉ. शोभा गौतम, सुखपाल सिंह राठौड़ सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# ब्रह्मलीन संत अमराव महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा आज, श्रद्धालुओं में उत्साह





भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।

कस्बा स्थित श्री संकट हरण हनुमत धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन का आयोजन आध्यात्मिक सौंदर्य, भावपूर्ण अभिव्यक्ति और भक्ति-रस से परिपूर्ण रहा। कथा व्यास महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी जगदीश पुरी महाराज ने श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का ऐसा मार्मिक वर्णन किया कि पूरा पंडाल भक्ति में डूब गया।

स्वामी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक लीला मानव जीवन को प्रेम, सरलता, निष्काम सेवा और आनंद का संदेश देती है। माखन चोरी की नटखट लीला से लेकर ग्वालबाल संग आनंदोत्सव और यशोदा मैया की गोद में बाल-क्रीड़ा इन सभी प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भाव-विह्वल कर दिया। पंडाल नंदलाला की जय के जयकारों से गूंज उठा।

**गोवर्धन लीला और गिरिराज पूजन का दिव्य वर्णन**

स्वामी पुरी महाराज ने गिरिराज पूजन एवं गोवर्धन लीला का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि श्रीकृष्ण ने प्रकृति-पूजन और पर्यावरण संरक्षण का अमूल्य संदेश दिया। इंद्र के अहंकार का नाश कर भक्त और भगवान के मधुर, अटूट संबंध को उजागर किया। उनके वर्णन के साथ ही पंडाल 'गोवर्धनधारी कन्हैयालाल की जय' के उद्घोषों से भर उठा। कथा के दौरान सजाई गई छप्पन भोग की भव्य झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी। विविध नैवैद्य से सुसज्जित इस झांकी ने पंडाल में दिव्यता और भक्ति का चरम वातावरण उत्पन्न किया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिनमें जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा भी शामिल हुए।

**संत समागम में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार**

दिव्य संत समागम में ऋषिकेश के महामंडलेश्वर स्वामी विजयानंद पुरी महाराज ने अपने गहन और तत्त्वपूर्ण उपदेशों से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा के दो स्वरूप विशेष और निःविशेष में से निःविशेष सच्चिदानंद स्वरूप ही प्रत्येक जीव की आत्मा है, लेकिन अज्ञान और माया के कारण जीव स्वयं को सीमित और दुखी समझता है।

उन्होंने 'आवरण' और 'विक्षेप' शक्तियों के माध्यम से बताया कि यही शक्तियां मनुष्य को उसके वास्तविक स्वरूप से दूर कर संसार में भटकाती हैं। भगवान जीवों पर कृपा करने हेतु अवतार धारण करते हैं; दस प्रमुख अवतारों का चिंतन अंतःकरण को शुद्ध करता है। समागम में ओंकारेश्वर के महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद गिरी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

**ब्रह्मलीन संत अमराव महाराज की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा आज**

ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव अमराव महाराज की स्मृति में आयोजित मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आज प्रातः 8:15 बजे से वैदिक मन्त्रोच्चार और

# स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में विरासत प्रदर्शनी, बच्चों में जागी इतिहास की रुचि

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(मूलचंद पेसवानी)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में सोमवार को पुरानी मुद्राओं, डाक टिकटों, विदेशी सिक्कों और दुर्लभ संग्रहों की विशेष प्रदर्शनी आयोजित की गई। यह अनोखी प्रदर्शनी स्वतंत्रता सेनानी पं. लादूराम व्यास के सुपुत्र एवं प्रसिद्ध संग्रहकर्ता सोमेश्वर व्यास के वर्षों पुराने संकलन पर आधारित रही।



मीडिया प्रभारी डॉ. परमेश्वर कुमावत ने बताया कि व्यास ने विभिन्न देशों की मुद्राएं, ऐतिहासिक सिक्के, दुर्लभ डाक टिकट, मैच बॉक्स कार्ड तथा शाहपुरा राजपरिवार से जुड़े दस्तावेजों जैसी अमूल्य धरोहरें संजो रखी हैं। इन्हें पहली बार विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने किया। उन्होंने इसे बच्चों के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि ऐसे संग्रह इतिहास और संस्कृति को समझने का सरल माध्यम हैं। संग्रहकर्ता सोमेश्वर व्यास ने बच्चों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए बताया कि प्रत्येक वस्तु वर्षों की मेहनत और शोध का परिणाम है।

विद्यार्थियों में विदेशी सिक्के, डाक टिकट और दुर्लभ संग्रह मुख्य आकर्षण रहे। कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों ने प्रदर्शनी का उत्साहपूर्वक अवलोकन किया और कई विद्यार्थियों ने भविष्य में स्वयं भी संग्रह शुरू करने की इच्छा व्यक्त की। प्रदर्शनी ने बच्चों में इतिहास और विरासत के प्रति नई जिज्ञासा जगाई।

# विधायक ने सुनीं जन समस्याएँ, अधिकारियों को समयबद्ध समाधान के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

(गजानंद जोशी)। विधायक गोपीचंद मीणा ने सोमवार को विधायक जन संवाद केंद्र पर जनसुनवाई आयोजित कर क्षेत्रवासियों की समस्याएँ सुनीं। बड़ी संख्या में लोग पानी, बिजली, सड़क और विभिन्न विकास कार्यों से जुड़ी शिकायतें लेकर पहुंचे।

विधायक मीणा ने कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया तथा कई मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश देकर तत्काल समाधान सुनिश्चित करवाया।



जनसुनवाई के दौरान विधायक मीणा ने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि आम जन की समस्या के समाधान के लिए ही हम सब यहां हैं। इसलिए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर समयबद्ध निस्तारण करें।

उन्होंने दोहराया कि बार-बार आने के बाद भी समस्याओं के लंबित रहने पर जनता को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है। कुछ ऐसे मामलों में, जहाँ लोग कई बार शिकायत कर चुके थे लेकिन समाधान नहीं हुआ था, विधायक मीणा ने संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे और अपनी समस्याएँ रखीं।

# सेवानिवृत शिक्षक का घर बना फ्लॉवर पार्क, बच्चों और ग्रामीणों के लिए बना आकर्षण केंद्र

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।

शहर के नजदीक सुवाणा के नई इरांस ग्राम में सेवानिवृत शिक्षक रमेशचंद्र आर्य का घर इन दिनों एक खूबसूरत फ्लॉवर पार्क का रूप ले चुका है। उनके घर की छत पर लगे सैकड़ों पौधे और रंग-बिरंगे फूल आसपास के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

सोमवार को सीबीईओ डॉ. रामेश्वर जीनगर, इरांस स्कूल के विद्यार्थी और शिक्षकों ने इस फ्लॉवर पार्क का अवलोकन किया। बगीचे में सजे विभिन्न प्रकार के पौधों और फूलों को देखकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। सीबीईओ डॉ. जीनगर ने कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति रुचि बढ़ाते हैं, साथ ही यह उदाहरण दिखाता है कि सीमित स्थान में भी सुंदर और समृद्ध गार्डन तैयार किया जा सकता है।



फ्लॉवर पार्क का अवलोकन एसीबीईओ विजयपाल वर्मा, प्रधानाध्यापक हरगोविंद त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षा अधिकारियों ने भी किया। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों को भ्रमण करवाया गया।

अधिकारियों ने सेवानिवृत शिक्षक रमेशचंद्र आर्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी छत का सार्थक उपयोग कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। आर्य को लंबे समय से पौधारोपण का विशेष शौक रहा है। स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल सुवाणा में कार्यरत रहते हुए उन्होंने अतिरिक्त समय निकालकर स्कूल परिसर को हरा-भरा बनाया और इसे अन्य विद्यालयों से अलग पहचान दिलाई। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे उसी जुनून से प्रकृति संरक्षण का संदेश दे रहे हैं।

# मॉडल स्कूल में 5162 वां भगवत गीता जयंती पर्व धूमधाम से मनाया गया

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

उपखंड के एकमात्र सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, में सोमवार को मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी के अवसर पर 5162वां भगवत गीता जयंती पर्व बड़े उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीता के एक-एक श्लोक को भावार्थ सहित प्रस्तुत कर वातावरण को ज्ञान और संस्कृति से सराबोर कर दिया। संस्था प्रधान डॉ. तुलसीराम कुमावत ने विद्यार्थियों को भगवत गीता के महत्व, कर्म पर आधारित फल और आत्मानुशासन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, मेहनत और एकाग्रता से अध्ययन करना चाहिए तथा आलस्य त्यागकर पढ़ाई में निरंतरता लानी चाहिए। उन्होंने कहा जब कर्म सही और निष्ठापूर्वक किया जाए, सफलता अपने आप मिल जाती है। मुख्य वक्ता समुंदर सिंह मालास ने विद्यार्थियों को अच्छी पढ़ाई, जीवन में सही कर्म और अनुशासन के महत्त्व पर उपयोगी टिप्स दिए। व्याख्याता रामस्वरूप जोशी ने गीता के श्लोकों के माध्यम से जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में माही कुमावत, सोनाक्षी कुमावत, मोनिका गुर्जर, वर्षा सारस्वत, दैविक कुमावत, अक्षिता गुर्जर, तेजस्विनी गुर्जर, हर्षित शर्मा, अंजलि कुमावत, लक्षिता फुलवारी, सहित कई विद्यार्थियों ने भावार्थ सहित श्लोक प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।



कार्यक्रम का संचालन नारायण सिंह किशनावत ने किया। विद्यालय के संपतलाल जाट ने विद्यार्थियों को गीता के गीत, कर्म, भक्ति और योग के सिद्धांतों से परिचित कराया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के विकास टेलर, उग्रसेन, किशोरी कुमार, ओमप्रकाश बैरवा, सुरेश चंद्र पुरोहित, देवेंद्र सिंह तंवर, दिनेश मीणा, सोराज मेघवंशी, महावीर प्रसाद, संजय कुमार, सुमन छापोला, सहित अनेक शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह, उमंग और गीता के प्रति जिज्ञासा देखते ही बन रही थी।

# महिला सुरक्षा पर एकदिवसीय कार्यशाला, कानूनी अधिकारों और जागरूकता पर दिया मार्गदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

कस्बे के सीडीपीओ कार्यालय में सोमवार को महिला सुरक्षा एवं अधिकारों पर केंद्रित एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम पायलट आदर्श जीवन लोक उत्थान समिति के सहयोग से किया गया, जिसमें महिलाओं को निःशुल्क कानूनी सहायता, सुरक्षा संबंधी अधिकारों और हाल ही में हुए कानून संशोधनों की जानकारी प्रदान की गई।



कार्यशाला को संबोधित करते हुए लीगल काउंसलर अनिता साहू ने महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, बाल विवाह और अन्य सामाजिक कुरीतियों से निपटने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में सही निर्णय ले सकें। कार्यक्रम में ग्रामीण साथी महिला एवं सोशल काउंसलर सुगना वैष्णव भी उपस्थित रहीं।

इसके साथ ही कार्यशाला में विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल ने आगामी अमृता हाट मेला की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मेला 5 दिसंबर से 19 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक ग्रामीण हाट, प्राइवेट बस स्टैंड के पास, लव गार्डन रोड, भीलवाड़ा में आयोजित किया जाएगा।

मेले में महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए उत्पादों जयपुरी-सांगानेरी चादरें, लाख की चूड़ियाँ, प्रतापगढ़ की प्रसिद्ध हींग पापड़, महिलाओं के फैंसी आइटम के साथ राजस्थानी ढाबा, विभिन्न प्रतियोगिताएँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण रहेंगे।

यह मेला जिला प्रशासन, महिला अधिकारिता विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग भीलवाड़ा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला ने महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के साथ सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश दिया।

## QUICK BITES

### विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, दिया एड्स बचाव व नशा मुक्ति का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



विश्व एड्स दिवस पर जिलेभर में स्वास्थ्य विभाग, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि एड्स जागरूकता, स्वास्थ्य सुरक्षा और नशा मुक्ति के संदेश को आमजन तक पहुँचाने के लिए लिंक वर्कर स्कीम, जिला एड्स नियंत्रण इकाई, एआरटी सेंटर और टीआई इकाइयों द्वारा संयुक्त गतिविधियाँ की गई।

कोदूकोटा बस स्टैंड पर लिंक वर्कर स्कीम के तहत एचआईवी स्क्रीनिंग कैंप लगाया गया, जिसमें 28 लोगों की जांच की गई और रोकथाम संबंधी जानकारी दी गई।

मेडिकल कॉलेज के ओपीडी परिसर में एआरटी सेंटर सहयोग से आईईसी प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें पोस्टर और मॉडलों के माध्यम से लोगों को एचआईवी जागरूकता दी गई।

टीआई गम्स इकाई द्वारा मुराका शूटिंग लिमिटेड (रीको फेज-द्वितीय) में स्वास्थ्य जांच व आईईसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। श्रमिकों को एचआईवी रोकथाम व सुरक्षित व्यवहार के बारे में जानकारी दी गई।

### एकादशी पर श्री सांवरिया सेठ मंदिर नोगांवा में भक्ति का उमड़ा सागर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





मोक्षदा एकादशी के पावन अवसर पर प्रसिद्ध श्री सांवरिया सेठ मंदिर नोगांवा में सोमवार को दिनभर भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी और भक्ति-भाव से ओतप्रोत वातावरण पूरे दिन बना रहा।

इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविन्द प्रसाद सोडानी के निर्देशन में भगवान श्री सांवरिया सेठ का विशेष अभिषेक संपन्न हुआ। मुख्य पुजारी दीपक आनंद पाराशर और पंडित प्रकाश शर्मा ने ठाकुरजी का दिव्य श्रृंगार किया, जिसमें पुष्पों और रत्नों का आकर्षक उपयोग किया गया। ठाकुरजी के विष्णु रूप के इस मनोहारी स्वरूप को देखकर श्रद्धालु भाव-विह्वल हो उठे।

शाम होते ही मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन प्रारंभ हुआ। पुर महिला मंडल सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने अपनी प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को भक्ति-रस में रंग दिया। काला-काला कहे गुजरी..., सांवरिया तेरी चाहत में..., ओ मेरे सांवरिया..., इक बार आवो सांवरिया..., और श्याम तेरी बंसी पुकारे... जैसे लोकप्रिय भजनों ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रात तक चले इस आयोजन में भक्तों ने नृत्य करते हुए जय सांवरिया सेठ के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों को सांवरिया सेठ का विशेष प्रसाद वितरित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष सोडानी ने बताया कि मोक्षदा एकादशी पर विशेष अनुष्ठान और भजन संध्या की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जो स्थानीय भक्तों को अध्यात्म, आनंद और शांति प्रदान करती है।

### शिकायतों के बाद भी मरम्मत नहीं, इंद्रा कॉलोनी के लोगों में आक्रोश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



नगर के वार्ड संख्या 13 इंद्रा कॉलोनी के निवासी पिछले दो-तीन वर्षों से टूटी नहर दीवार के कारण गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान न होने से वार्डवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नहर की दीवार की तत्काल मरम्मत नहीं हुई, तो पानी कभी भी कॉलोनी के घरों में घुस सकता है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। वार्डवासियों ने बताया कि कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। टूटी दीवार से नहर का पानी बाहर निकल रहा है और इसी रास्ते सांप भी कॉलोनी में घुस रहे हैं, जिससे बच्चों व बुजुर्गों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों ने यह भी याद दिलाया कि इसी इलाके में पहले एक बच्चे की मौत हो चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अब यदि कोई अनहोनी होती है तो उसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इंद्रा कॉलोनी के निवासियों ने कहा है की यदि समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।